(ii) वास्तविक लागत के अभाव में वास्तविक सत्यापान के दौरान अधिक पायी कुछ परिसम्पत्तियों को ₹1 प्रत्येक के सांकेतिक मूल्य पर दर्ज किया गया है।

12. अग्रिमों, देनदारों, लेनदारों तथा संक्रमणाधीन/ठेकेदार के पास सामग्री के अंतर्गत दिखाये गये शेष पुष्टि/मिलान तथा परिणामी समायोजन, यदि कोई हो, के अध्यधीन है।

13. बैंकों के पास जमा शेष में ₹136.78 लाख (गत वर्ष ₹136.78 लाख) शामिल हैं, जिसके संबंध में रॉयल्टी, स्पिलवे वृद्धि एवं विद्युत प्रभारों की वसूली के लिए संबंधित प्राधिकारियों द्वारा ग्रहणाधिकार का प्रयोग किया गया है।

14. चल रही छानबीन के दौरान ₹0.89 लाख की क्षतियां/कमियां (गत वर्ष ₹1.85 लाख) कमी के द्योतक हैं। सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन लम्बित होने के कारण दावों का समायोजन करना अभी बाकी है।

15. कंपनी को कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार से उनके दिनांक 17.12.2008 के पत्र सं. 40/2/2008–सीएल–III के जरिये भारत सरकार को आबंटित शेयर पूंजी के 277.87 इक्विटी शेयर (₹1000 प्रति) निरस्त करके शेयर पूंजी में ₹277.87 लाख कटौती की पुष्टि की सूचना मिली है। इसके लिए जरूरी प्रविष्टियां वर्ष 2008–09 में कर दी गयी हैं। यह कटौती पावर ग्रिड कार्रेरपोरेशन आफ इंडिया को ट्रांसमिशन लाइनों और संबद्ध सब–स्टेशनों के हस्तांतरण के एवज में मिली आंशिक क्रय राशि का द्योतक है। इस प्रकार इस मामले में कुल ₹1118.87 लाख की शेयर पूंजी की कमी, हुई जिसमें पहले 1998–99 में ₹841.00 लाख की गई कमी शामिल है।

16. (i) कंपनी द्वारा अधिग्रहीत भूमि पर बने 90 फ्लैट (गत वर्ष 35 फ्लैट) विभिन्न व्यक्तियों अनधिकृत कब्जे में कार्यवाही की संभावना का पता लगाया जा रहा है।

(ii) 26 ई.सी. रोड, देहरादून में ₹20.10 लाख कीमत से टीएचडीसी परिसर में बने आवागमन कैम्प का इस्तेमाल टीएचडीसी तथा उत्तराखंड सरकार के उन विभिन्न विभागों द्वारा किया जा रहा है जो टिहरी बांध परियोजना के पुनर्वास कार्य के लिए उत्तरदायी हैं। हालांकि पुनर्वास गतिविधियां पूरी होने के बाद ये परिसम्पत्तियां कंपनी के कब्जे में बनी रहेंगी।

(iii) फ्रीहोल्ड भूमि में 0.458 हेक्टेअर भूमि शामिल है जो सौतियाल गांव में है और जिस पर अनाधिकृत लोगों ने कब्जा कर रखा है।

17. संगम के अनुच्छेदों के अनुसार 1000 मेगावाट की टिहरी एचपीपी परियोजना के सिंचाई घटक के, जो कुल लागत के 20% के बराबर है, की लागत उपभोक्ता अंशदान के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की जानी है। 31.03.2011 तक परियोजना पर उपगत कुल लागत ₹839245.05 लाख (गत वर्ष ₹839245.05 लाख) परिकलित की गई थी जिसमें फार्मूले के अनुसार सिंचाई क्षेत्र की लागत ₹144133.80 लाख (गत वर्ष ₹144133.80 लाख) बनती है। 31.03.2011 तक की स्थिति के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार ने ₹144118.38 लाख (गत वर्ष ₹144118.38 लाख) दे दिए हैं ।

18. संगम अनुच्छेदों के खंड संख्या 61 (बी) के अनुसार सिंचाई क्षेत्र के अनुरक्षण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भुगतान किए जाने वाले अनुरक्षण खर्च कंपनी और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पारस्परिक रूप से तय किये जाने हैं। पारस्परिक सहमति होने तक इसे उत्तर प्रदेश सरकार से प्रतिदेय नहीं दर्शाया गया है।

19. वर्ष 2007–08 के दौरान टिहरी एचपीपी – I ने उत्पादन स्टेशन का वाणिज्यिक प्रचालन शुरू कर दिया गया है। प्रबंधन का मत है कि टिहरी एचपीपी – I का प्रतिनिधित्व करने वाले नकद उत्पादन इकाई (सीजीयू) के संबंध में लेखाकरण मानक (एएस) 28 की दृष्टि से वर्ष के दौरान परिसंपत्तियों के मूल्य में कोई कमी नहीं हुई है।

20. (i) विद्युत उत्पादन इस कंपनी की व्यापारिक गतिविधि है। इसीलिए भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी खंड रिपोर्टिंग पर लेखांकन मानक – 17 के अनुसार कोई अन्य रिपोर्ट करने लायक खंड नहीं हैं।

(ii) कंपनी के विद्युत गृह (पावर स्टेशन) देश के भीतर ही स्थित हैं। अतः इसके लिए भौगोलिक खंड लागू नहीं है।

21. संबद्ध पक्षकार द्वारा प्रकटीकरण :

लेखाकरण मानक –18 से संबद्ध "पक्षकार द्वारा प्रकटीकरण" में की गई अपेक्षा के अनुसार संबद्ध पक्षकारों के साथ लेन–देन का ब्योरा इस प्रकार है:–

क) सम्बद्ध पक्षकार – प्रमुख प्रबंधन कार्मिक

पूर्णकालिक निदेशक

1. श्री आर एस टी शाई — अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
2. श्री ए. एस. बिष्ट — निदेशक (कार्मिक)
3. श्री सी. पी. सिंह — निदेशक (वित्त)
4. श्री डी. वी. सिंह — निदेशक (तकनीकी)

ख) संबद्ध पक्षकारों के साथ लेन–देन का सारांश (अनुबंधित जिम्मेदारियों को छोड़ कर) – शून्य

ग) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सहित पूर्णकालिक निदेशकों का पारिश्रमिक नोट 42 पर दर्शाया गया है।

घ) टीएचडीसीआईएल, एनपीसीआईएल संयुक्त उद्यम गठित किए जाएंगे जैसा कि नोट 28 में कहा गया है।

22. प्रति शेयर आय (ईपीएस) – मूल और परिवर्तित

प्रति शेयर आय की गणना के लिए विचार किए जाने वाले तत्व (मूल और परिवर्तित) इस प्रकार हैं:

	2010–11	2009–10
करोपरांत निवल लाभ जिसका प्रयोग न्यूमरेटर के रूप में हुआ है (लाख रुपये)	60047.87	47995.12
इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या जिनका प्रयोग डिनोगीनेटर के रूप में हुआ है	32975817	32975817
प्रतिशेयर आय रुपये मूल	182.10	145.55
परिवर्तित	182.10	145.55
प्रति शेयर अंकित मूल्य	1000	1000

23. भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी "आय पर करों का लेखांकन" के लेखांकन मानक 22 के अनुपालन में ₹5789.83 लाख (गत वर्ष ₹7502.67 लाख) जो कि आस्थगित देयता में कमी दर्शाता है, को लाभ एवं हानि खाते से प्रभारित किया गया है। 31 मार्च, 2009 तक की आस्थगित कर परिसंपत्तियां लाभग्राहियों को वापस की जाएंगी, उसके पश्चात यह सीईआरसी विनियम 2009–2014 के सीईआरसी विनियम के अनुसार वापस नहीं की जा सकती है। संचयी आस्थगित कर देयताओं/ परिसंपत्तियों का ब्यौरा निम्नवत है:

₹ लाख में

क्र. सं.		31.03.2011	31.03.2010
(i)	आस्थगित कर देयता (ए)		
	बही मूल्यह्रास तथा कर मूल्यह्रास का अंतर	0	0
	आस्थगित कर परिसंपत्तियां (बी)		
(ii)	बही मूल्यह्रास तथा कर मूल्यह्रास का अंतर	6867.55	1410.32
(iii)	मूल्यह्रास के बाबत अग्रिम को कर गणना में आय के रूप में माना जाए	9625.04	9625.04
(iv)	संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	107.39	81.14
(v)	कर्मचारी हित योजनाओं के लिए प्रावधान	3005.48	2699.13
	शुद्ध आस्थगित कर देयता (परिसम्पत्तियां) (ए–बी)	**(19605.46)**	**(13815.63)**

24. भारत सरकार द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुरूप कंपनी के लिए आवश्यक है कि वह वर्ष 2010–11 के दौरान 2009–10 के कर पूर्व लाभ 2% लाभ की दर से कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) गतिविधि के लिए उद्ग्रहित कर ले। खर्च न हुई राशि के लिए व्यपगम न करने योग्य सीएसआर अधिक के रूप में प्रावधान किया गया है।

25. प्रबंधन की राय में अचल परिसमपत्तियों, निर्माण संबंधी भंडारों, वसूले गये ऋणों और अग्रिमों के मूल्य तुलन–पत्र में दर्शाये गये मूल्य से कम नहीं होंगे।

26 (क) कंपनी के पास उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर ऐसे आपूर्तिकर्ता/सेवा प्रदाता नहीं हैं जिन्हें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के तहत 31 मार्च, 2011 तक सूक्ष्म, लघु या मध्यम उद्यमों के रूप में पंजीकृत किया गया है।

ख) 31 मार्च, 2011 के लघु/सहायक उद्योगों से की गई खरीददारी/सेवाओं के संबंध में 30 से अधिक दिन से अधिक कोई देयता नहीं है।

27. (i) महाराष्ट्र सरकार ने अपने दिनांक 21.04.2008 के पत्र सं. एमआईएस – 1207/(126/2007)/एचपी के जरिये टीएचडीसी और एनपीसीआईएल के अभी निगमित किये जाने वाले संयुक्त उद्यम को दो परियोजनाओं के सर्वेक्षण और अन्वेषण का काम सौंपा है। इन परियोजनाओं के नाम हैं – पुणे जिले में कालू नदी पर

मालशेज घाट (600 मेगावाट) और सतारा जिले में कोयना परियोजना की अपस्ट्रीम पर बनायी जाने वाली हुम्बर्ली (400 मेगावाट)। इसके लिए टीएचडीसी और एनपीसीआईएल के बीच अगस्त, 2008 में एक समझौते पर हस्ताक्षर किये जा चुके हैं और सर्वेक्षण तथा अन्वेषण का काम शुरू कर दिया गया है और 31 मार्च, 2011 तक टीएचडीसी ने इस पर ₹623.21 लाख (गत वर्ष ₹253.52 लाख) खर्च किये गए हैं। इसे संयुक्त उद्यम से वसूली योग्य दर्शाया गया है।

(ii) इसके अलावा भारत सरकार ने दिनांक 22.07.2008 के अपने डी.ओ. नं. 11/01/2008–बीबीएमबी के जरिये वांगचू, भूटान के डीपीआर को संकोश परियोजना (4060 मेगावाट), संकोश और बुनाखा एचईपी (180 मेगावाट) अद्यतन करने का काम परामर्शी आधार पर टीएचडीसी को सौंपा है। इसके लिए 23.03.10 को क्रमशः ₹ 1682.075 लाख तथा 24.06.10 को ₹1378.75 लाख के करार टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड और भूटान की शाही सरकार के बीच किए गए । तद्नुसार डीपीआर को अद्यतन करने का काम शुरू कर दिया गया है।

(iii) टीएचडीसीआईएल, उत्तर प्रदेश सरकार और यूपीपीएल के बीच खुर्जा, जिला – बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश में 1320 मेगावाट का कोयला आधारित सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए जो इसकी तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता की स्थापना, ईंधन के लिए तालमेल, विद्युत लेने के लिए वचनबद्धता, पीपीए पर हस्ताक्षर तथा उचित अनुमति/अनुमोदन प्राप्त करने के अधीन होगा। तद्नुसार प्रारंभिक व्यवहार्यता रिपोर्ट (पीएफआर) के लिए आरंभिक कार्य टीएचडीसी इंडिया लि. द्वारा शुरू कर दिए गए हैं।

28. भारत सरकार के निर्देशानुसार कंपनी वरूणावत पर्वत के स्थिरीकरण के काम में एक सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में उत्तराखंड सरकार की मदद कर रही है व्यय हुए खर्च की प्रतिपूर्ति उत्तराखंड सरकार द्वारा की जानी है। इस सिलसिले में ₹787.18 लाख (गत वर्ष ₹677.37 लाख) के स्थान पर ₹566.36 लाख (गत वर्ष ₹239.77 लाख) कंपनी को पहले ही वापस किये जा चुके हैं।

29. भारत सरकार द्वारा दिसम्बर, 1998 में किये गये निर्णय के अनुसार उत्तर प्रदेश/उत्तराखंड सरकारों को योजना की पुनर्वास गतिविधियों का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। इनका संचालन कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गयी निधियों में से सीधे उन्हीं के द्वारा किया जाना है। उत्तराखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये समेकित व्यय विवरण के अनुसार उद्ग्रहित व्यय कंपनी के लेखा बहियों में दर्ज किया गया है जो उत्तराखंड सरकार से संबंधित प्रभागों द्वारा महालेखाकार, उत्तराखंड को दिये गये मासिक विवरण के आधार पर समेकित किया जाता है। पुनर्वास काम में लगे उत्तराखंड सरकार के कार्मिकों के स्थापना खर्च प्राप्त लेखा विवरण में दर्शायी गयी सीमा तक दर्ज किये गये हैं। उत्तराखंड सरकार द्वारा की गयी सीधी प्रतिपूर्ति का हिसाब–किताब उनके लिए दावे मिलने पर किया जायेगा।

30. निर्धारित हानियों का लेखाकरण अंतिम बिलों/सुपुर्दगी अनुसूची के निस्तारण पर किया जाता है।

31. टिहरी बांध के गृह विस्थापितों के पुनर्स्थापन के लिए केदारपुरम् में निर्मित भवनों और भूमि की कीमत अदर्गीकृत भूमि में शामिल की गई है। गृह विस्थापितों को आबंटित न की गई कुछ गौण भूमि और भवन का इस्तेमाल कंपनी कर रही है। इसका स्वामित्व अभी कंपनी को अंतरित नहीं किया गया है। लागत के ब्यौरों को पुनर्वास रिकार्ड से संबद्ध करना लंबित होने के कारण इसे भूमि और भवन को अंतरित नहीं किया गया है।

32. (i) पावरहाउस एवं स्पिलवेज संविदा प्रावधानों के अनुसार मात्रा विभिन्नता के लिए छूट हेतु क्रमशः ठेकेदारों (केसीटी एंड ब्रदर्स सी.एस. लिमिटेड (केसीटी) से वसूली हेतु नैनीताल उच्च न्यायालय में कंपनी द्वारा प्रतिवाद किया गया है। अदालत के आदेशों के अनुसार ये मामले माध्यस्थम को सौंप दिये गये हैं। यह मामला अभी माध्यस्थम ट्रिब्यूनल के पास लम्बित है। इन ठेकों के अंतर्गत सृजित परिसम्पत्तियों का मूल्य मुकदमे के फैसले पर निर्भर करेगा।

(ii) ठेकेदारों को दिये गये अग्रिम में ₹20478.75 लाख (मूलधन ₹15899.99 लाख और 16% की दर से ब्याज ₹4578.76 लाख) (गत वर्ष ₹15610.07 लाख, मूलधन ₹12663.97 लाख और 16% की दर से ब्याज ₹2946.10 लाख) शामिल हैं जो जोखिम और खर्च लेखा, मोबलाइजेशन अग्रिम तथा उपस्कर अग्रिम के लिए केएचइपी ठेकेदार (मेसर्स पीसीएल) से वसूला जाना है। 31 मार्च, 2011 तक टीएचडीसी के पास उपलब्ध प्रतिभूति (निष्पादन गारंटी/नगद के रूप में केवल ₹5628.71 लाख) (गत वर्ष ₹5628.71 लाख) उपलब्ध है।

मैसर्स पीसीएल के संबंध में माध्यस्थम के मामले में टीएचडीसीआईएल ने इस मामले में माध्यस्थम के समक्ष प्रति दावा पेश किया है। माध्यस्थमों ने अपने फैसले में ठेकेदार (मैसर्स पीसीएल) से वसूली योग्य अग्रिम पर ब्याज की अनुमति नहीं दी है। टीएचडीसीआईएल ने माध्यस्थम के निर्णय के विरूद्ध न्यायालय में याचिका दायर की है। न्यायालय से फैसला न होने के कारण बहियों में ब्याज के लिए कोई प्रावधान नहीं रखा गया है।

33. वर्ष 2010–11 के दौरान भारी वर्षा के कारण केएचईपी परियोजना में बाढ़ आई जिससे निर्माणाधीन कोटेश्वर परियोजना के कुछ उपस्करों को नुकसान हुआ ओर लगभग 30.00 करोड़ रुपये की हानि का अनुमान लगाया गया। इस नुकसान के लिए

ठेकेदार मैसर्स बीएचईएल द्वारा बीमा दावा कर दिया गया है। निर्माण कार्य की बहाली/दोबारा शुरू करने पर हुए खर्च का सीडब्लूआईपी के तहत दर्शाया गया है। बीमा दावा की राशि प्राप्त हो जाने पर इसे सीडब्लूआईपी में समायोजित किया जाएगा।

34. केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) ने मार्च 2004 में केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (निबंधन और शर्तें) विनियम, 2004 अधिसूचित किया था। ये विनियम 01.04.2004 को लागू हुए और 5 वर्षों तक लागू रहे। कंपनी ने सीईआरसी की विनियमावली, 2004 के निर्धारित सिद्धांतों के अनुसरण में अनंतिम टैरिफ निर्धारण के लिए कंपनी ने सीईआरसी के समक्ष याचिका दायर की। सीईआरसी ने 28 दिसम्बर, 2006 को अनन्तिम टैरिफ आदेश जारी करते हुए कहा कि अनुमोदित टैरिफ एक अंनतिम उपाय है तथा याचिका में दावा किए गए वार्षिक नियत प्रभारों का अल्पीकरण करने वाला है। तद्नुसार 31.3.2007 तक की अवधि के लिए गौण ऊर्जा एवं क्षमता सूचकांक की कोई गणना नहीं होगी। इस प्रतिकूल आदेश के खिलाफ कंपनी ने विद्युत के लिए माननीय अपीलीय प्राधिकरण में अपील दायर की जिसने अपने दिनांक 02.07.2007 के आदेश में कहा है कि आयोग अंतिम टैरिफ निर्धारित करते समय सम्मिलित पक्षकरों के सभी सुसंगत तथ्यों पर विचार करेगा।

वर्ष 2007–2008 के दौरान अंतिम यूनिट अर्थात टिहरी चरण – I उत्पादन केन्द्र की पहली यूनिट को 08.07.2007 को वाणिज्यिक प्रचालन के लिए चालू घोषित किया तथा याचिका को 07.07.2007 तक लेखा परीक्षित एवं प्रमाणित खर्चों के आधार पर अद्यतन किया गया। बाद में सीईआरसी ने 14.03.08 के अपने आदेश द्वारा सूचित किया कि उत्पादन केन्द्र की अंतिम यूनिट यानि टिहरी चरण – I के वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि 09.07.2007 को 0.00 बजे से गिनी जाएगी। तद्नुसार कंपनी 08.07.2007 तक के लिए आईडीसी तथा एसोसिएटेड लागतों की हकदार होगी।

भारत सरकार ने विद्युत मंत्रालय के दिनांक 11.11.2010 के पत्र सं. 11/6/2010–11–1 द्वारा ₹ 8392.45 करोड़ के टिहरी एचपीपी (चरण– I) के संशोधित लागत अनुमान को अनुमोदन दे दिया है और टीएचडीसीआईएल ने तद्नुसार 2006–2009 में प्रशुल्क अवधि के लिए सीईआरसी के समक्ष याचिका दायर की है। दिनांक 9.7.2007 को अंतिम यूनिट अर्थात टिहरी एचपीपी चरण– I के वाणिज्यिक उत्पादन को ध्यान में रखते हुए लेखा परीक्षित और प्रमाणित एएफसी पर वित्त वर्ष 2010–11 की बहियों में विचार किया गया है। इसके अतिरिक्त सीईआरसी विनियम, 2009 में निर्धारित सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए 2010–11 के लिए एएफसी की गणना कर ली गई है और सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा प्रमाणित करवा लिया गया है। तद्नुसार कंपनी ने 165508.86 लाख रुपये का बिल (गत वर्ष ₹143291.92 लाख जिसमें पिछले वर्ष के ए एफ सी में संशोधन के कारण गौण ऊर्जा और प्रभारों के क्रमशः ₹2250.99 लाख तथा ₹5221.42 लाख) शामिल हैं। सीईआरसी द्वारा प्रशुल्क का निर्धारण होने तक वर्ष के लिए राजस्व अनंतिम रूप से तय किया गया है। सीईआरसी के अनुसार परिकलित एएफसी और प्रशुल्क को अंतिम रूप दिए जाने तक सीईआरसी द्वारा अनुमत्य अनंतिम दर के बीच बिलों में अंतर आने के कारण कर्जदारों पर ₹92457.69 लाख (गत वर्ष ₹56825.35 लाख) हैं। इसके अतिरिक्त कोटेश्वर एचईपी के यूनिट – I और II के माध्यम से उत्पादित अस्थिर ऊर्जा से ₹12.10 लाख अर्जित किए हैं।

35. वर्ष के दौरान कंपनी ने सीईआरसी (निवर्तमान विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 के तहत गठित तथा विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत मान्यताप्राप्त निकाय) द्वारा टैरिफ वसूली के लिए अधिसूचित दरों पर वर्ष के दौरान मूल्यह्रास का प्रावधान किया है, जो कम्पनी अधिनियम, 1956 के अर्न्तगत विनिर्दिष्ट दरों से अलग है। विद्युत मंत्रालय, – भारत सरकार ने टैरिफ नीति अधिसूचित की है, जिसमें सीईआरसी द्वारा अधिसूचित मूल्यह्रास दरों को टैरिफ के साथ–साथ लेखाकरण के लिए लागू करने का भी प्रावधान किया गया है। सीईआरसी द्वारा टैरिफ नीति के अनुसार मानदण्डों के तय होने तक वर्तमान टैरिफ नीति मानदंडों के तहत अधिसूचित दरों को वर्ष के लिए मूल्यह्रास निकालने के लिए ठीक समझा गया है।

36. सीईआरसी विनियम 2004–2009 के तहत प्रशुल्क के घटक के रूप में अनुमत्य मूल्यह्रास के लिए अग्रिम को बिक्री से घटाकर आरथगित राजरव गान लिया गया था जिराका रागायोजन बाद के वर्षों में बिक्री में किया जाना था। सीईआरसी विनियन 2009–2014 के अनुसार इसे 01.04.2009 से समाप्त कर दिया गया है।

37. (i) कम्पनी ने कर्मचारियों/कार्यालयों/अतिथिगृहों/मार्गस्थ कैम्पों तथा वाहनों के लिए परिसर पट्टे/किराये पर लिए हैं। ये पट्टा व्यवस्थाएं प्रायः आपसी सहमति से तय शर्तों पर नवीकृत की जा सकती हैं लेकिन इन्हें निरस्त नहीं किया जा सकता। किराया दर तथा करों में पट्टा भुगतान के लिए ₹774.77 लाख (गत वर्ष ₹402.72 लाख) शामिल है। (निवल वसूली)

(ii) टीएचडीसीआईएल ने दिल्ली मेट्रो रेलवे स्टेशन कारपोरेशन लिमिटेड से एनबीसीसी भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली में 01 जुलाई, 2010 से 6 वर्षों के लिए ₹212 प्रति वर्ग फीट की दर से 2270 वर्ग फीट क्षेत्र में फैला कार्यालय पट्टे पर लिया है जिसकी कुल कीमत ₹481240.00 एवं सेवा कर होगी। पट्टे पर लिए गए कार्यालय का कुछ भाग, जो 1870 वर्ग फीट है, ₹212 प्रति वर्ग फीट की दर से फरवरी, 2011 से 9 माह के लिए पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को कुल ₹396440.00 में शिकमी पट्टे पर दिया गया है।

38. कम्पनी निम्नलिखित के अनुसार भी प्रावधान किए हैं :– **2010–2011** ₹ लाख में

क्रमांक	विवरण	आदि शेष	अभिवृद्धि	प्रयुक्त / समायोजन	अंतिम शेष
1.	निर्माण	3702.91	2048.07	3701.60	2049.38
2.	कर्मचारियों से संबंधित	19936.83	5136.80	2319.90	22753.74
3.	प्रस्तावित लाभांश	8500.00	5600.00	8500.00	5600.00
4.	अंतरिम लाभांश पर कर		2076.09		2076.09
5.	प्रस्तावित लाभांश पर कर	1444.58	930.09	1444.58	930.09
6.	अन्य	3214.37		1465.01	1749.36
	योग	**36798.70**	**15791.05**	**17431.09**	**35158.66**

उक्त तालिका से स्पष्ट है कि निर्माण, कर्मचारियों, प्रस्तावित लाभांश, अंतरिम लाभांश पर कर, प्रस्तावित लाभांश पर कर तथा कर एवं अन्य का प्रावधान किया है। निर्माण कार्य में मुख्यतः 31.03.2011 की गैर–मापित निर्माण कार्य शामिल हैं। कर्मचारियों के लिए प्रावधान में लेखाकरण नीति संख्या 11 (i) के तहत छुट्टी नगदीकरण, उपदान, सेवा निवृत्ति के बाद के चिकित्सा लाभ, अंतिम संस्कार, बैगेज भत्ता तथा बकाया वेतन आदि शामिल हैं। कर एवं अन्य में आयकर, संपत्ति कर, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व शामिल हैं।

39. (i) कम्पनी पूर्व निर्धारित दरों से भविष्य निधि का निश्चित अंशदान एक अलग ट्रस्ट को अदा करती है जो इस राशि को अनुमति प्राप्त प्रतिभूतियों में निवेश करता है। अवधि के लिए निधि के अंशदान को खर्च माना जाता है तथा लाभ एवं हानि खातों से प्रभारित किया जाता है। यह ट्रस्ट सदस्यों के अंशदान पर श्रम मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा निर्धारित न्यूनतम ब्याज दर का भुगतान करता है। हालांकि, कम्पनी की प्रतिबद्धता ऐसे नियत अंशदान एवं ट्रस्ट द्वारा ब्याज प्रतिबद्धता, होने वाली कमी को पूरी करने तक सीमित हैं। तदनुसार वास्तविक मूल्यांकन के अनुसार 31.03.2011 को एएस–15 (संशोधित) के अनुसार भविष्य निधि के लिए संवैधानिक ब्याज दर गारंटी के कारण देनदारी ₹323.03 लाख (गत वर्ष ₹320.00 लाख) होती है जबकि तुलन–पत्र के तारीख को राजस्व अधिशेष ₹20.35 लाख (गत वर्ष में ₹219.97 लाख) उपलब्ध थी। इसीलिए ₹302.68 लाख (गत वर्ष ₹100.03 लाख) के अंतर के देयता खातों दी गई है। वर्ष के दौरान खातों में ₹202.65 लाख (गत वर्ष ₹100.03 लाख) दिया गया है।

(ii) "कर्मचारियों को लाभ" के संबंध में एएस–15 के प्रावधानों के तहत प्रकटीकरण।

31.03.2010 को किए गए वास्तविक मूल्यांकन का प्रयोग कर चालू अवधि के लिए का प्रावधान किया गया है। तदनुसार "कर्मचारियों का लाभ" के संबंध में लेखांकन मानक 15 के प्रावधानों के तहत 31.3.2011 को समाप्त वित वर्ष के लिए प्रकटीकरण किया गया है।

सारणी–I निम्नलिखित पर एक्यूरियल मूल्यांकन के लिए प्रमुख एक्यूरिज अनुमान ₹ लाख में

विवरण	31.03.2011	31.03.2010
मृत्यु सारणी	एलआईसी (1994-96) विधिवत संशोधित	एलआईसी (1994-96) विधिवत संशोधित
छूट की दर	8%	7.5%
भावी वेतन वृद्धि	5.5%	5%

सारणी–2 दायित्वों के वर्तमान मूल्य (पीवीओ) में परिवर्तन ₹ लाख में

विवरण	उपदान	छुट्टी का नकदीकरण	सेवानिवृत्ति के बाद के चिकित्सा लाभ	अस्वस्थता अवकाश	बैगेज भत्ता / सेवानिवृत्ति एवार्ड / एफबीएस
वर्ष के आरंभ में पीवीओ	6911.35	2729.64	1513.99	2980.27	495.85
ब्याज लागत	552.91	218.37	121.12	238.42	39.67
गत सेवा लागत	....	.....	..	...	..
वर्तमान सेवा लागत	395.17	198.19	59.20	195.76	36.30
भुगतान किया गया लाभ	(130.79)	(375.57)	(19.42)	(63.23)	(33.91)
एक्यूरियल (लाभ / हानि)	(757.40)	359.55	(105.14)	(8.40)	(32.29)
वर्ष के अंत में पी वी ओ	6971.24	3130.17	1569.75	3342.82	505.62

सारणी–3 तुलन–पत्र में चिन्हित राशि

₹ लाख में

विवरण	उपदान	छुट्टी का नकदीकरण	सेवानिवृत्ति के बाद के चिकित्सा लाभ	अस्वस्थता अवकाश	बैगेज भत्ता/सेवानिवृत्ति एवार्ड/ एफबीएस
वर्ष के अंत में पीवीओ	6971.24	3130.17	1569.75	3342.82	505.62
वर्ष के अंत में योजना परिसंपत्तियों का उचित मूल्य	....	.....	..	...	..
निधियों की स्थिति	(6971.24)	(3130.17)	(1569.75)	(3342.82)	(505.62)
चिन्हित न हुए एक्यूरियल लाभ/हानि	....	.....	..	...	..
तुलन–पत्र में चिन्हित शुद्ध देयता	6971.24	3130.17	1569.75	3342.82	505.62

सारणी– 4 लाभ और हानि खाते/ईडीसी में चिन्हित राशि

₹ लाख में

विवरण	उपदान	छुट्टी का नकदीकरण	सेवानिवृत्ति के बाद के चिकित्सा लाभ	अस्वस्थता अवकाश	बैगेज भत्ता/सेवानिवृत्ति एवार्ड/ एफबीएस
चालू सेवा लागत	395.17	198.19	59.2	195.76	36.30
ब्याज लागत	552.91	218.37	121.12	238.42	39.67
गत सेवा लागत	....	.....	..	...	..
योजनागत परिसंपत्तियों पर अनुमानित प्रतिफल	....	.....	..	...	..
वर्ष के लिए चिन्हित निवल एक्टूरियल (लाभ)/हानि	(757.40)	359.55	(105.14)	(8.40)	(32.29)
वर्ष के लिए लाभ और हानि ईडीसी में चिन्हित व्यय	190.67	776.11	75.18	425.78	43.68

40. केन्द्र सरकार ने कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 441ए के तहत देय उपकर की दर अधिसूचित नहीं की है इसलिए कंपनी ने कारोबार पर किसी प्रकार के उपकर का प्रावधान नहीं किया है।

41. लेखांकन नीति में परिवर्तन

क्र. सं.	नीति	प्रभाव
1.	परामर्शी कार्यों से प्राप्त राजस्व को मान्यता देने के संबंध में नई लेखांकन नीति संख्या 10(vii) शुरू की गई है।	ऋण और अग्रिम 602.15 लाख रुपये का मूल्यह्रास तथा पूर्व अवधि के व्यय में तदनरूपी ₹602.15 लाख की बढ़ोत्तरी
2.	एलटीसी शब्द को हटाकर कर्मचारियों को लाभ देने के संबंध में लेखांकन नीति संख्या 11 (i) में संशोधन किया गया है।	कर्मचारियों से जुड़े प्रावधानों में ₹256.47 लाख का ह्रास तथा अधिशेष आय प्रावधान में ₹256.47 लाख की वृद्धि बट्टे खाते डाली गई।

42. निदेशकों को भुगतान किया गया/भुगतान किया जाने वाला पारिश्रमिक

(₹ लाख में)

	2010–11	2009–10
(i) वेतन और भत्ते	141.59	46.38
(ii) भविष्य निधि में अंशदान	6.87	5.32
(iii) अन्य लाभ	72.45	28.74
(iv) स्वतंत्र निदेशकों की फीस और व्यय	14.64	11.19
(v) निदेशकों का यात्रा भत्ता व्यय	16.09	7.21
(vi) पेंशन निधि	19.44	0.00

उपर्युक्त पारिश्रमिक के अतिरिक्त, पूर्णकालिक निदेशकों को स्टाफ कार जिसमें निजी यात्रा के लिए ₹ 780/–प्रति माह के भुगतान की अनुमति दी गई है। (जैसा कि उद्योग मंत्रालय, सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिनांक 26 मार्च, 1999 के परिपत्र संख्या 2(53)/90–डीपीई(डब्ल्यूओ)–जीआईवी के प्रावधानों के अनुसार लागू है।)

43. लेखा परीक्षकों को भुगतान

(₹ लाख में)

	2010–2011	2009–10
लेखा परीक्षा शुल्क (सेवाकर सहित)	4.13*	4.13
अन्य क्षमता में	7.06	8.16
आउट आफ पाकेट एक्सपेंस	2.62	4.48

* वार्षिक आम सभा में अनुमोदन के अधीन

44. कंपनी अधिनियम, 1956 के भाग–II अनुसूची VI के अनुसार अपेक्षित अतिरिक्त सूचना निम्नानुसार है।

(₹ लाख में)

	विवरण	2010-11	2009-2010
क	विदेशी मुद्रा में व्यय (नकद आधार पर)		
	यात्रा	21.08	36.30
	परामर्श और व्यावसयिक प्रभार	611.19	230.8
	ऋण एवं ब्याज की अदायगी	2196.90	2660.36
	माल का आयात	74.61	66.77
	अन्य (संचालन प्रभार)	3.40	6.68
	कुल	2907.18	3000.91
ख	विदेशी मुद्रा में व्यय (नकद आधार पर)	1851.65	0.00
ग	सीआईएफ आधार पर परिकलित आयातों का मूल्य		
(i)	पूंजी माल	13.13	180.37
(ii)	अतिरिक्त पुर्जे	0.00	0.00
	कुल	13.13	180.37
घ	प्रयुक्त घटकों, स्टोरों और अतिरिक्त पुर्जों का मूल्य		
(i)	आयातित (रूपए में)	0.30	0.00
	%	0.27%	0.00%
(ii)	देशी (रूपए में)	110.84	33.81
	%	99.73%	100.00%
ङ.	निर्यात का मूल्य	0.00	0.00

45. लाइसेंसशुदा तथा संस्थापित क्षमताएं :

क्र. सं.	विवरण	2010-11	2009-10
(i)	लाइसेंसशुदा क्षमता (मे.वा.)	लागू नहीं**	लागू नहीं**
(ii)	संस्थापित क्षमता (मे.वा.)	1200 मे.वा.	1000 मे.वा.
(iii)	अनुमोदित क्षमता (मे.वा)– (सीसीईए द्वारा निवेश अनुमोदन पर आधारित)	2844 मे.वा.	2844 मे.वा.
(iv)	बिजली के उत्पादन एवं बिक्री के संबंध में मात्रात्मक (मिलियन यूनिटों में) सूचना		
(क)	पूर्व–वाणिज्यिक अवधि		
	उत्पादन	0.4338 मि.यू.	शून्य
	बिक्री	0.4295 मि.यू.	शून्य
(ख)	वाणिज्यिक अवधि		
	उत्पादन	3116.0253 मि.यू.	2116.7918 मि.यू.
	बिक्री (गृह राज्य को निःशुल्क विद्युत देने और अनुषंगी खपत के बाद निवल)	2730.5833 मि.यू.	1840.4124 मि.यू.

** विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 7 के अनुसार कोई भी उत्पादक कंपनी, इस अधिनियम के तहत लाइसेंस प्राप्त किए बिना उत्पादन स्टेशन स्थापित कर सकती है। इसलिए लाइसेंसशुदा क्षमता लागू नहीं है।

46. पिछले वर्ष के आंकड़ों को चालू वर्ष के आंकड़ों के साथ तुलनीय बनाने के लिए यथावश्यक पुनः समूहबद्ध/पुनः वर्गीकृत किया गया है।

47. अनुसूची '1' से '27' लेखाओं की अभिन्न अंग हैं।

(एस. क्यू. अहमद)
कंपनी सचिव

(सी. पी. सिंह)
निदेशक (वित्त)

(आर. एस. टी.शाई)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

हमारी सम दिनांक की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
कृते एचडीएसजी एण्ड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार

(हरबीर सिंह गुलाटी)
भागीदार
सदस्यता संख्या – 084072

दिनांक : 31 अगस्त, 2011
स्थान : नई दिल्ली

वार्षिक रिपोर्ट

कंपनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची VI के भाग IV के तहत आवश्यक अतिरिक्त सूचनाएं

राशि हजार ₹ में

तुलन पत्र सार और कंपनी का सामान्य व्यापार प्रोफाइल	
i) पंजीकरण का ब्यौरा	
पंजीकरण संख्या	00009822
राज्य का कोड	00000020
तुलन पत्र की तारीख	31 मार्च, 2011
ii) वर्ष के दौरान उगाही गई पूंजी	
पब्लिक इश्यू	शून्य
राइट इश्यू	शून्य
प्राइवेट प्लेसमेंट	
(i) भारत सरकार को जारी शेयर (संख्या) (निवल)	शून्य
(ii) उत्तर प्रदेश सरकार को जारी शेयर (संख्या)	शून्य
शेयर पूंजी अंशदान आबंटन निम्नलिखित को लंबित	
भारत सरकार	शून्य
उत्तर प्रदेश सरकार	शून्य
बोनस मुद्दा	शून्य
iii) निधियां एकत्र करने और लगाने की स्थिति	
कुल देयताएं	11,65,27,009
कुल परिसंपत्तियां	11,65,27,009
निधियों के स्रोत	
प्रदत्त पूंजी	3,29,75,817
पूंजी लंबित आबंटन	शून्य
आरक्षित और अधिशेष जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार (जीओयूपी) का अंशदान शामिल है	2,47,53,030
सुरक्षित ऋण	4,60,19,444
असुरक्षित ऋण	28,86,468
मूल्यह्रास के विरूद्ध अग्रिम के कारण आस्थगित राजस्व	28,33,089
निधियों का उपयोग	
निवल स्थिर परिसंपत्तियां	9,09,97,688
निर्माण स्टोरों और अग्रिमों सहित पूंजी कार्य प्रगति पर	1,10,29,748
निवेश	
आस्थगित कर परिसंपत्ति (निवल)	13,29,250
निवल चालू परिसंपत्तियां	61,08,878
विविध व्यय	2,284
iv) कंपनी निष्पादन	
कारोबार (अन्य आय सहित)	1,68,92,712
कुल व्यय	1,01,00,708
कर पूर्व लाभ / हानि	67,92,004
करोपरांत लाभ / हानि	60,04,787
प्रति शेयर आय (रू.)	182.10
लाभांश दर (%)	5.489
v) प्रमुख उत्पाद / कंपनी सेवा का सामान्य नाम	
मद कोड संख्या	लागू नहीं
उत्पाद विवरण	विद्युत का उत्पादन

दिनांक : 31 अगस्त, 2011
स्थान : नई दिल्ली

(एस. क्यू. अहमद)
कंपनी सचिव

(सी. पी. सिंह)
निदेशक (वित्त)

(आर. एस. टी. शाई)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह विवरण

राशि हजार ₹ में
(कोष्ठक में दिए गए आंकड़े कम के द्योतक हैं)

विवरण	31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष		31 मार्च, 2010 को समाप्त वर्ष	
क. परिचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह				
कर पूर्व निवल लाभ तथा पूर्वानिधि समायोजन		**67,71,919**		**49,19,002**
निम्नलिखित के लिए समायोजन :–				
मूल्यह्रास	34,93,263		34,58,440	
प्रावधान	7,905		22,107	
मूल्यह्रास बाबत अग्रिम–आस्थगित	–		3,91,497	
ऋणों पर ब्याज	37,79,664		40,69,210	
ग्राहकों को छूट	1,33,638		1,14,701	
पूर्व अवधि समायोजन	20,085	74,34,555	(12,393)	80,43,562
कार्यशील पूंजी परिवर्तन से पूर्व प्रचलित लाभ		**1,42,06,474**		**1,29,62,564**
कार्यशील पूंजी में परिवर्तन हेतु समायोजन				
वस्तु सूची	(6,608)		(33,896)	
विविध देनदार	(35,72,832)		(38,32500)	
अन्य चालू परिसंपत्तियां	764		2,990	
ऋण और अग्रिम	(4,021)		(52,337)	
चालू देयताएं	20,62,930		(1,75,324)	
प्रावधान	(1,64,004)	(16,83,771)	12,43,132	(28,47,935)
परिचालनों से नकद अर्जन		**1,25,22,703**		**1,01,14,629**
चुकता प्रत्यक्ष कर		(13,66,200)		(8,57,364)
परिचालनों से निवल रोकड़ (क)		**1,11,56,503**		**92,57,265**
ख. निवेश गतिविधियों में परिवर्तन से नगदी प्रवाह				
निम्नलिखित में परिवर्तनः–				
अचल परिसंपत्तियां एवं सीडब्ल्यूआईपी	(75,22,549)		(64,94,495)	
निर्माण भण्डार	(15,505)		291	
पूंजी अग्रिम	(1,34,805)		(3,29,848)	
विविध व्यय (समायोजित न की जाने वाली सीमा तक)	1,316		1,226	

राशि हजार ₹ में
(कोष्ठक में दिये गये आकड़े कमी के द्योतक हैं)

विवरण	31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष		31 मार्च, 2010 को समाप्त वर्ष	
निवेश गतिविधियों से निवल प्रवाह (ख)		**(76,71,543)**		**(68,22,826)**
ग. वित्त–पोषण गतिविधियों से नगदी प्रवाह				
अंश पूंजी	–		–	
सिंचाई अंशदान	–		4,53,400	
अन्य आरक्षित पूंजी	4,069		124	
ऋण	28,28,413		26,35,129	
ऋणों पर ब्याज	(37,79,664)		(40,69,210)	
ग्राहकों को छूट	(1,33,638)		(1,14,701)	
लाभांश एवं लाभांश पर कर	(21,10,618)		(16,96428)	
वित्त–पोषण गतिविधियों से निवल नगदी प्रवाह (ग)		**(31,91,438)**		**(27,91,686)**
घ. वर्ष के दौरान निवल नकदी प्रवाह (क+ख+ग)		**2,93,522**		**3,57,247**
ङ. प्रारंभिक नकद और नगदी समतुल्य		**2,30,870**		**5,88,117**
च. अंतिम नकदी और नकदी के समकक्ष (घ+ङ)		**5,24,392**		**2,30,870**

1. नगदी और नगदी समतुल्य में बैंको में शेष ₹136.78 लाख (पिछले वर्ष ₹136.78लाख) है जो कारपोरेशन द्वारा प्रयोग के लिए उपलब्ध नहीं है।
2. पिछले वर्ष के आंकड़ो को पुनः एकत्रित/व्यवस्थित/दर्शित किया गया है।

(एस. क्यू. अहमद)
कंपनी सचिव

(सी. पी. सिंह)
निदेशक (वित्त)

(आर. एस. टी. शाई)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

हमारी सम दिनांक की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
कृते **एचडीएसजी एण्ड एसोसिएट्स**
सनदी लेखाकार

(हरबीर सिंह गुलाटी)
भागीदार
सदस्यता संख्या–84072

दिनांक : 31 अगस्त, 2011
स्थान : नई दिल्ली

लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में,

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के सभी सदस्य

1. हमने 31 मार्च, 2011 तक की स्थिति के अनुसार टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के संलग्न तुलन–पत्र तथा उसके साथ ही संलग्न उसी तिथि को समाप्त वर्ष के लिए लाभ–हानि खाते तथा नगदी प्रवाह विवरण की भी लेखा परीक्षा की है। ये वित्तीय विवरण कंपनी प्रबंधन की जिम्मेदारी हैं। हमारा उत्तरदायित्व अपनी लेखा परीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों के बारे में अपनी राय जाहिर करना है।

2. हमने भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार लेखा परीक्षा की है। उक्त मानकों में अपेक्षित है कि हम यह युक्तिसंगत आश्वासन प्राप्त करने के लिए कि क्या वित्तीय विवरण महत्वपूर्ण गलत कथनों से मुक्त हैं, लेखा परीक्षा की आयोजना तथा निष्पादन करें। लेखा परीक्षा में परीक्षण आधार पर राशियों के अनुसमर्थक साक्ष्य तथा वित्तीय विवरणों में प्रकटनों की जांच करना शामिल है। लेखा परीक्षा में प्रयुक्त लेखाकरण सिद्धांतों तथा प्रबंधन द्वारा किए गए महत्वपूर्ण अनुमानों का मूल्यांकन करने के साथ–साथ समग्र वित्तीय विवरण प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन करना भी शामिल है। हम मानते हैं कि हमारी लेखा परीक्षा हमारी राय को युक्त संगत आधार प्रदान करती है।

3. कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 227 (4ए) के अनुसरण में भारत की केंद्र सरकार द्वारा जारी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) (संशोधन) आदेश, 2004 के साथ पठित कंपनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2004 द्वारा यथापेक्षित तथा हमारे द्वारा उचित समझी गयी जांचों के अनुसार और हमें दी गयी सूचना तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, हम अनुलग्नक में इस कंपनी पर लागू सीमा तक उक्त आदेश के पैराग्राफ 4 ओर 5 में विनिर्दिष्ट मामलों पर एक विवरण संलग्न कर रहे हैं।

4. हम आपका ध्यान निम्नलिखित की तरफ आकर्षित कर रहे हैं:–

(क) अनुसूची 27 की टिप्पणी संख्या 5 – उत्तराखंड सरकार द्वारा अतिरिक्त जगह के लिए 31 मार्च, 2011 को देय ₹ 5880.00 लाख की बाकी राशि रॉयल्टी के लिए देयताओं के समायोजन के बाद भी अभी वसूल करनी बाकी है।

(ख) अनुसूची 27 की टिप्पणी संख्या 10 (i) शीर्ष 'अवर्गीकृत भूमि' के तहत खातों में पूंजीकृत ₹ 7277.46 लाख के पुनर्वास व्यय को उत्तराखंड सरकार/ सरकारी प्राधिकारियों से प्राप्त लेखा विवरणों के आधार पर खातों में शामिल किया गया है और इस प्रकार यह सत्यापन के अध्यधीन नहीं है।

(ग) अनुसूची 27 की टिप्पणी संख्या 12 – फुटकर लेनदार, फुटकर देनदार, प्रतिभूति जमा/ धरोहर राशि जमा, ऋण एवं अग्रिम सभी पुष्टि एवं समाधान के अध्यधीन हैं।

(घ) अनुसूची 27 की टिप्पणी संख्या 16 (i) – यह कॉरपोरेशन द्वारा अधिग्रहित भूमि पर 90 फ्लैटों (गत वर्ष 35) पर विभिन्न व्यक्तियों द्वारा अनधिकृत कब्जे से संबंधित है।

(ड.) अनुसूची 27 की टिप्पणी संख्या 32 (ii) केचएफपी ठेकेदार (मैसर्स पीसीएल) की ₹ 5628.71 लाख की प्रतिभूति के लिए उसके जोखिम और लागत पर निष्पादित कार्य के लिए ₹ 20478.75 लाख ठेकेदार को दिए गए अग्रिम में शामिल है।

(च) अनुसूची 27 की टिप्पणी संख्या 34 – बिक्री का लेखांकन सीईआरसी द्वारा टैरिफ को अंतिम रूप से तय करने तक अनंतिम आधार पर किया जा रहा है।

5. उपर्युक्त पैराग्राफ 3 में संदर्भित अनुलग्नक में अपनी टिप्पणी के आगे तथा उपर्युक्त पैराग्राफ 4 में दी गई अन्य मदों पर ध्यानाकर्षित करते हुए हम सूचित करते हैं कि:

(क) अपने अधिकतम ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार हमने अपनी परीक्षा के लिए जरूरी सभी जानकारियां और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं।

(ख) हमारी राय में विधि द्वारा यथापेक्षित खातों की उचित बहियां रखी गयी हैं, जैसा कि हमारे द्वारा बहियों की जांच करने से प्रतीत होता है।

(ग) इस रिपोर्ट में दिए गए तुलन–पत्र, लाभ एवं हानि खाता तथा नगदी प्रवाह के विवरण खाते बहियों के अनुरूप हैं।

(घ) हमारी राय में तुलन–पत्र, लाभ एवं हानि खाता एवं नगदी प्रवाह विवरण, जिन्हें इस रिपोर्ट के साथ दिखाया गया है, कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 211 की उप धारा (3सी) में सदर्भित लेखा मानकों का अनुपालन करते हैं।

(ड.) कंपनी कार्य विभाग द्वारा जारी दिनांक 17.7.2003 की अधिसूचना संख्या जीएसआर 829 (ई) के मद्देनजर कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 274 की उपधारा (1) का खंड (जी), जो निदेशकों को अयोग्य ठहराने से संबंधित है, का प्रावधान इस सरकारी कंपनी पर लागू नहीं होता।

6. हमारी राय में सर्वश्रेष्ठ सूचना के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार उक्त खाते, जिन्हें महत्वपूर्ण लेखा नीतियों के साथ पढ़ा जाए एवं उन पर टिप्पणियां, जो उसके साथ संलग्न हैं, कंपनी अधिनियम, 1956 द्वारा अपेक्षित सूचना निर्धारित तरीके से देते हैं तथा भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार सच्ची एवं उचित तस्वीर प्रकट करते हैं:

(क) तुलन–पत्र के मामले में, दिनांक 31 मार्च, 2011 की कंपनी की कार्य स्थिति की।

(ख) लाभ एवं हानि के खाते के मामले में, उसी तिथि को समाप्त वर्ष के लिए लाभ की, तथा

(ग) नगदी प्रवाह विवरण के मामले में उसी तिथि को समाप्त वर्ष के लिए नगदी प्रवाह की।

कृते **एचडीएसजी एण्ड एसोसिएट्स**
सनदी लेखाकार
रजि. नं. 002871 एन

(हरबीर सिंह गुलाटी)
साझेदार, एफसीए
सदस्यता संख्या – 84072

दिनांक : नई दिल्ली
स्थान : 31.08.2011

लेखा–परीक्षक की रिपोर्ट का संलग्नक

(इसी दिनांक की हमारी रिपोर्ट के पैराग्राफ 3 में संदर्भित अनुलग्नक)

1. इसकी अचल परिसंपत्तियों के संबंध में :

(क) कंपनी ने सामान्य रूप से अचल परिसंपत्तियों की मात्रा, विवरण और स्थिति सहित पूरे विवरण दर्शाते हुए समुचित रिकार्ड रखा है। लेकिन अचल परिसंपत्तियों की पहचान संख्या डालने की प्रक्रिया चल रही है। कुछ मामलों को छोड़कर इन परिसंपत्तियों के संचालन के लिए रिकार्ड ठीक प्रकार से रखे गए हैं।

(ख) वर्ष के दौरान परिसंपत्तियों की वास्तविक जांच सनदी लेखाकारों की स्वतंत्र फर्म द्वारा की गयी है तथा सत्यापन के दौरान जानकारी में आई विसंगतियों को खाता बहियों में उचित प्रकार से दर्शाया गया है, हालांकि ये विसंगतियां महत्वपूर्ण नहीं हैं हमारी राय में आकार को ध्यान में रखते हुए सत्यापन की बारंबारता उचित है।

(ग) वर्ष के दौरान कंपनी ने अपनी अचल परिसंपत्तियों के बड़े हिस्से का निपटान नहीं किया है।

2. इसकी वस्तुसूचियों के संबंध में :

(क) ठेकेदारों के पास पड़ी सामग्री को छोड़ कर वस्तु सूचियों की वास्तविक जांच सनदी लेखाकारों की स्वतंत्र फर्म द्वारा की गई है। हमारी राय में वस्तु सूची की वास्तविक जांच प्रबंधन द्वारा उचित अंतराल पर की गई है।

(ख) कंपनी के आकार तथा व्यवसाय की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए प्रबंधन द्वारा अपनाई गयी वस्तुसूची की जांच की प्रक्रिया उचित तथा पर्याप्त है।

(ग) कंपनी ने वस्तु सूची का उचित रिकार्ड रखा है।

3. कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 301 के अंतर्गत रखे गए रजिस्टर में शामिल कंपनियों, फर्मों या अन्य पार्टियों से कंपनी ने न कोई सुरक्षित अथवा असुरक्षित ऋण लिया और न ही दिया है। तद्नुसार आदेश के पैराग्राफ–4 का खंड–(iii) लागू नहीं है।

4. हमारी राय में तथा हमें दी गयी सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार वस्तु सूची एवं अचल परिसंपत्तियों की खरीद के मामले में आंतरिक नियंत्रण प्रणालियां कंपनी के आकार और उसके व्यापार के प्रकृति के अनुरूप काफी हैं। लेखापरीक्षा के दौरान हमें न तो इस बात का कोई पता चला और न ही ऐसी कोई सूचना मिली कि अंतर्निहित आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों में प्रमुख कमजोरियों को ठीक करने में लगातार असफल रही हो।

5. हमारे द्वारा प्रयोग में लाई गयी लेखापरीक्षा प्रक्रिया के आधार पर हमारे अधिकतम ज्ञान और विश्वास तथा दी गयी सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा–301 में संदर्भित ठेके या व्यवस्थाएं ऐसी नहीं थीं जिन्हें इस धारा के तहत अपेक्षित रजिस्टर में दर्ज करना जरूरी हो। वर्ष के दौरान ₹ 5,00,000 से अधिक के लेन–देन के औचित्य का प्रश्न नहीं उठता।

6. कंपनी ने जनता से जमा राशियां स्वीकार नहीं की हैं, अतः भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुपालन और कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा–58–ए, 58–एए तथा अन्य संगत प्रावधानों और उनके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुपालन का प्रश्न नहीं उठता।

7. कंपनी के पास एक आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली है, जिसमें कंपनी की विभिन्न इकाइयों की समय–समय पर लेखापरीक्षा करने के लिए बाहरी सनदी लेखाकार फर्मों को नियुक्त किया जाता है। हमारी राय में आतंरिक लेखापरीक्षा का क्षेत्र और व्यापकता इसके व्यवसाय के काम और प्रकृति के अनुरूप होती है।

8. केन्द्र सरकार ने कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा – 209 (1) (डी) के अंतर्गत लागत रिकार्डों का रखरखाव निर्धारित किया है। कंपनी लागत रिकार्डों का अनुरक्षण कर रही है। लेकिन वर्ष 2010–11 के लिए लागत लेखा परीक्षा नहीं की गयी है।

9. (क) हमें दी गयी सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी अविवादित संवैधानिक देय राशियां उचित प्रधिकारियों के पास नियमित रूप से जमा करती है। इनमें भविष्यनिधि, आयकर, बिक्रीकर, संपत्तिकर, सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क तथा अन्य संवैधानिक देय, जो कंपनी पर लागू हैं, शामिल हैं। देय तिथि से छः महीने से अधिक अवधि के लिए कोई अविवादित संवैधानिक देय राशि 31 मार्च, 2011 को बाकी नहीं थी। जैसा कि हमें बताया गया है, कंपनी पर राज्य बीमा अधिनियम लागू नहीं हैं।

(ख) हमें दी गयी सूचना और स्पष्टीकरण के आधार पर निम्नलिखित विवादित आयकर/ व्यापार कर / प्रवेश कर नहीं किए गए हैं।

निर्धारण वर्ष	धनराशि (₹ लाख में)	देयताओं की प्रकृति	वर्तमान स्थिति
1986–87	45.30	व्यापार कर	मूल्यांकन प्राधिकारी द्वारा लगाई गई ब्याज की राशि के लिए मामले को उपायुक्त (अपील), देहरादून द्वारा वापस प्रति प्रेषित कर दिया गया है तथा मूल्यांकन प्राधिकारी ने उसी राशि का पुनः निर्धारण किया है। टीएचडीसी ने ए.ओ. के आदेश के विरूद्ध जे.सी. (अपील) के समक्ष अपनी अपील की है तथा जे.सी. (अपील) ने स्थगनादेश दे दिया है। वित्त वर्ष 10–11 के दौरान पहली अपील टीएचडीसी के पक्ष में निर्णीत हुई और इस आदेश के विरूद्ध राज्य ने अपील संख्या 69–11 द्वारा ट्रिब्यूनल के समक्ष अपील दायर की है।
1989–90	0.36	व्यापार कर	वाणिज्यिक कर विभाग ने इस्तेमाल के अधिकार के संबंध में कर में राहत के लिए ट्रिब्यूनल के निर्णय के विरूद्ध उच्च न्यायालय, नैनीताल में एक अपील दायर की है।
1993–94	0.33	व्यापार कर	मूल्यांकन प्राधिकारी के द्वारा लगाई गई ब्याज धनराशि के लिए ट्रिब्यूनल के निर्णय के विरूद्ध व्यापार/ वाणिज्यिक कर विभाग ने उच्च न्यायालय, नैनीताल में एक अपील दायर की है।
1993–94	0.39	व्यापार कर	वाणिज्यिक कर विभाग ने इस्तेमाल के अधिकार के संबंध में कर में राहत के लिए ट्रिब्यूनल के निर्णय के विरूद्ध उच्च न्यायालय, नैनीताल में एक अपील दायर की है।
1994–95	0.88	व्यापार कर	मूल्यांकन प्राधिकारी के द्वारा लगाई गई ब्याज धनराशि के लिए ट्रिब्यूनल के निर्णय के विरूद्ध व्यापार/ वाणिज्यिक कर विभाग ने उच्च न्यायालय, नैनीताल में एक अपील दायर की है।
1994–95	1.10	व्यापार कर	वाणिज्यिक कर विभाग ने इस्तेमाल के अधिकार के संबंध में कर में राहत के लिए ट्रिब्यूनल के निर्णय के विरूद्ध उच्च न्यायालय, नैनीताल में एक अपील दायर की है।
1997–98	0.60	व्यापार कर	वाणिज्यिक कर विभाग ने इस्तेमाल के अधिकार के संबंध में कर में राहत के लिए ट्रिब्यूनल के निर्णय के विरूद्ध उच्च न्यायालय, नैनीताल में एक अपील दायर की है।
2000–01 125 महीनों के लिए ब्याज	136.35 340.88	प्रवेश कर	प्रवेश कर का मामला अपर आयुक्त (अपील) देहरादून के पास लंबित है।
2007–08	0.75	व्यापार कर	टीएचडीसी ने 28.02.2011 के मूल्यांकन आदेश में उठाई गई मांग के खिलाफ अपील दायर की है।

10. (क) कंपनी को वित्तीय वर्ष के अंत तक कोई संचयी हानियां नहीं हुई हैं तथा वित्त वर्ष के दौरान लेखा परीक्षा के अंतर्गत और ठीक इसके पहले वाले वर्ष में भी कोई नकद हानियां नहीं हुई थीं।

(ख) कंपनी की चल रही परियोजनाओं के मामले में भी, जो निर्माणाधीन हैं, संचयी हानियों का यह खंड लागू नहीं होता।

11. कंपनी ने हमारे द्वारा अपनायी गयी लेखापरीक्षा पद्धति के आधार पर तथा अभिलेखों के अनुसार किसी वित्तीय संस्था या बैंक की देय राशियों को लौटाने में कोई चूक नहीं की है।

12. हमें दी गयी सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार कंपनी ने प्रतिभूति के आधार पर शेयरों, डिबेन्चरों तथा अन्य प्रतिभूतियों को बंधक रखकर कोई ऋण तथा अग्रिम स्वीकृत नहीं किये हैं।

13. कंपनी चिट फंड या निधि / म्यूचुअल बेनीफिट फंड / सोसायटी नहीं है। तदनुसार आदेश के पैराग्राफ 4 का खंड –xiii कंपनी पर लागू नहीं होता।

14. हमारी राय में तथा हमें दी गयी सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार यह कंपनी शेयरों, प्रतिभूतियों, डिबेन्चरों तथा अन्य निवेश का काम नहीं कर रही है। तदनुसार आदेश के पैराग्राफ 4 का खंड –XIV कंपनी पर लागू नहीं होता।

15. हमें दी गयी सूचना के अनुसार कंपनी ने दूसरे लोगों द्वारा बैंकों या वित्तीय संस्थाओं से लिए गए ऋणों के लिए कोई गारंटी नहीं दी है।

16. हमारी राय में तथा हमें दी गयी सूचनाओं और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने सावधि ऋण जिस काम के लिए थे, वर्ष के दौरान उसी के लिए उनका इस्तेमाल किया।

17. हमारी राय में तथा समग्र रूप में हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने अल्पावधि आधार पर इकट्ठा की गयी निधियों का इस्तेमाल दीर्घावधि निवेश के लिए नहीं किया है।

18. वर्ष के दौरान अधिनियम की धारा 301 के अंतर्गत रखे जा रहे रजिस्टर में शामिल पार्टियों और कंपनियों को इस कंपनी ने शेयरों का काई अधिमानतः आबंटन नहीं किया है।

19. कंपनी ने वर्ष के दौरान कोई डिबेन्चर जारी नहीं किया और इसलिए उनके लिए प्रतिभूति या प्रभार सृजन करने का प्रश्न नहीं उठता।

20. वर्ष के दौरान कंपनी ने कोई प्रतिभूति या सार्वजनिक निर्गम जारी नहीं किया। अतः सार्वजनिक निर्गम के द्वारा इकट्ठा की गयी राशि के अंतिम प्रयोग के प्रकटन का प्रश्न नहीं उठता।

21. भारत में आमतौर पर स्वीकृत लेखा पद्धति के अनुसार वर्ष के लिए कंपनी की खाता बहियों और अभिलेखों का परीक्षण करने के दौरान हमें या कंपनी का जालसाजी का कोई मामला नहीं मिला और न ही प्रबंधन द्वारा इस तरह का मामले की कोई सूचना दी गयी।

कृते **एचडीएसजी एण्ड एसोसिएट्स**
भागीदार लेखाकार
रजि. नं. 002871 एन

(हरबीर सिंह गुलाटी)
भागीदार, एफसीए
सदस्यता संख्या – 84072

दिनांक : नई दिल्ली
स्थान : 31.08.2011

गोपनीय

सं. No. RAP/THDC/3RD PHASE/ACCOUNTS/2001-12/675

भारतीय लेखा तथा लेखा परीक्षा विभाग
कार्यालय प्रधान निदेशक, वाणिज्यिक लेखापरीक्षा,
एवं पदेन सदस्य, लेखापरीक्षा बोर्ड–III
नई दिल्ली

INDIAN AUDIT & ACCOUNTS DEPARTMENT
OFFICE OF THE PRINCIPAL DIRECTOR OF COMMERCIAL
AUDIT & EX-OFFICIO MEMBER, AUDIT BOARD-III
NEW DELHI

दिनांक / Dated: 15 / 9 / 2011

सेवा में,

अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक,
टीएचडीसी इण्डिया लिमिटेड,
ऋषिकेश

विषयः 31 मार्च 2011 को समाप्त वर्ष के लिए टीएचडीसी इण्डिया लिमिटेड, ऋषिकेश, के वार्षिक लेखों पर कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619(4) के अन्तर्गत भारत के नियंत्रक–महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ।

महोदय,

मैं टीएचडीसी इण्डिया लिमिटेड, ऋषिकेश, के वर्ष 2010–11 की समाप्ति हेतु कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 619(4) के अधीन लेखों पर भारत के नियत्रंक–महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ अग्रेषित करता हूँ। कृपया इस पत्र की संलग्नकों सहित प्राप्ति की पावती भेजी जाए।

भवदीय,

(एम.के. बिश्वास)
प्रधान निदेशक

संलग्न : यथोपरि।

छठा एवं सातवाँ तल, एनेक्सी बिल्डिंग, 10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली–110002
6th & 7th floor, Annexe Building, 10, Bahadurshah Zafar Marg, New Delhi - 110002
Ph.: 2329227; Fax: 23239211; e-mail: mabnewdelhi3@cag.gov.in

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के 31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के खातों के बारे में भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 (4) के अन्तर्गत टिप्पणियां

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश के 31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों को कंपनी अधिनियम, 1956 के अधीन वित्तीय रिपोर्टिंग रूपरेखा के अनुसार तैयार करना कंपनी प्रबंधन की जिम्मेदारी है। उनके पेशेवर निकाय इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित लेखा परीक्षा और आश्वासन मानदंडों के अनुरूप स्वतंत्र लेखा परीक्षा के आधार पर कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 227 के अन्तर्गत इन वित्तीय विवरणों पर राय जाहिर करने की जिम्मेदारी कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 (2) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक की है। सूचना दी गयी है कि ऐसा उनके द्वारा 31 अगस्त, 2011 की लेखा परीक्षा रिपोर्ट में किया जा चुका है।

मैंने, कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 (3) (बी) के अधीन 31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश के वित्तीय विवरणों की भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से अनुपूरक लेखा परीक्षा की है। यह अनुपूरक लेखा परीक्षा स्वतंत्र रूप से सांविधिक लेखा परीक्षक के कार्यों के कागजात के बिना तथा सांविधिक लेखा परीक्षक की प्रारम्भिक जांच की सीमा तक और कंपनी के कार्मिकों तथा कुछ लेखा अभिलेखों के चुनिंदा परीक्षण के आधार पर की गयी। मेरी लेखा परीक्षा के आधार पर मेरे संज्ञान में कोई ऐसी महत्वपूर्ण बात नहीं आयी है जिस पर कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 (4) के तहत टिप्पणी करना या "सांविधिक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का अनुपूरक" अपेक्षित हो।

कृते भारत के नियंत्रक एवं महालेखा
परीक्षक की ओर से

(एम.के. बिश्वास)
प्रधान निदेशक वाणिज्यिक लेखा परीक्षा
एवं पदेन सदस्य, लेखा परीक्षा बोर्ड – III
नई दिल्ली

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 15 सितम्बर, 2011

न्यू टिहरी टाउन का विहंगम दृश्य

A panoramic view of New Tehri Town